जयपुर में बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर हटाने की तैयारी

16 साल पहले बनाए गए इस कॉरिडोर को खत्म करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर में सीकर रोड और अजमेर रोड पर बना बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बी.आर.टी.एस.) कॉरिडोर जल्द ही हटाने की तैयारी है। करीब 16 साल पहले बने लोगों को ट्रेफिक जाम से सहूलियत देने के बजाय आफत बने इस कॉरिडोर को खत्म (निष्क्रिय) करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने राज्य सरकार की मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजा है। अब इस कॉरिडोर को हटाने का अंतिम फैसला राज्य सरकार ही लेगी।

दरअसल मंगलवार को जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भिजवाने का फैसला हुआ। जे.डी.ए. कमिश्नर आनंदी ने बताया कि जयपुर-अजमेर रोड पर 200 फीट बायपास चौराहे पर एन.एच.ए.आई. ने अंडरपास बनाने का प्रस्ताव रखा है। इससे 200 फीट चौराहे से जयपुर शहर की ओर आने वाले मार्ग पर करीब एक किलोमीटर दूरी में बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर खत्म हो जायेगा। इसी प्रकार झोटवाड़ा में नवनिर्मित राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के कारण भी पानीपेच से राव शेखा सर्किल तक का कॉरिडोर खत्म चुका है। एनएचएआई ने सीकर रोड-सी जोन बाईपास पर अंडरपास का प्रस्ताव दिया है। इसके मुख्य सीकर रोड पर करीब 1.2 किलोमीटर लंबाई में बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को खत्म करना पड़ेगा। राज्य सरकार के संशोधित बजट 2024-25 में विद्याधर नगर तक जयपुर मेट्रो की डी.पी.आर. की घोषणा की गई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए बीआरटीएस कॉरिडोर को निष्क्रिय किये जाने का प्रस्ताव अंतिम निर्णय के लिए राज्य सरकार को भिजवाया गया है।



जयपुर-सीकर मार्ग पर बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर सार्वजनिक वाहनों के लिए छोड़े जाने के कारण अन्य सड़कों पर भारी यातायात का दबाव रहता है। फोटो-राष्ट्रदूत

गौरतलब है कि राजधानी जयपुर में करीब 16 साल पहले बनाया गया बीआरटीएस कॉरिडोर सुविधा के बजाय हादसों का कारण बनता गया। इस कॉरिडोर में हो रहे हादसों के बाद जेडीए प्रशासन ने इसका अध्ययन भी करवाया था। इसके बाद पिछली कांग्रेस सरकार में इस हटाने पर खूब चर्चा हुई, लेकिन तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने बीआरटीएस को हटाने से साफ मना कर दिया था।

करीब 170 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए बीआरटीएस कॉरिडोर का उदेश्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुगम बनाना था, लेकिन इस कॉरिडोर ने आमजन को परेशानी में डाल दिया। सार्वजनिक परिवहन के नाम पर यह कॉरिडोर कोई काम नहीं आया। करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद ये प्रोजेक्ट हादसों का कॉरिडोर बनता रहा। ऐसे में यह प्रोजेक्ट जयपुर विकास प्राधिकरण के लिए "गले की फांस" बना हुआ था। इसके बाद जेडीए प्रशासन ने इस कॉरिडोर की स्टडी करवायी और कहां-कहां कितना ट्रैफिक दबाव रहता है तथा हादसे वाले पाइंट भी चिह्नित किए। अब भजनलाल सरकार इस कॉरिडोर को खत्म करने का फैसला ले सकती है।

- **इस प्रस्ताव में कहा गया है कि, जयपुर-अजमेर रोड पर 200 फीट चौराहे तथा जयपुर-सीकर मार्ग पर सी-जोन बाईपास में अंडरपास बनाया जायेगा, इससे करीब सवा 2 किलोमीटर का बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर खत्म होगा। झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के लिए पूर्व में ही पानीपेच से चौमूं पुलिया सर्किल तक यह कॉरिडोर खत्म हो चुका है।**
- **गौरतलब है कि राजधानी जयपुर में वर्ष 2010 से शुरू हुआ बीआरटीएस कॉरिडोर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुगम बनाने के बजाय हादसों का कारण बनता गया। पिछली कांग्रेस सरकार में इस हटाने पर खूब चर्चा हुई, लेकिन तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने से साफ मना कर दिया था।**

ऐसे चला बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर का घटनाक्रम

- **झोटवाड़ा रोड से सीकर रोड के बीच 7.1 किलोमीटर का बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर था। इसके निर्माण पर 75 करोड़ रूपए खर्च किए गए। इस कॉरिडोर का संचालन साल 2010 में किया गया था।**
- **अजमेर रोड से किसान धर्म कांटा, न्यू सांगानेर रोड, बी-2 बाईपास तक बीआरटीएस कॉरिडोर 9 किलोमीटर में बनाया गया। इसके निर्माण पर 90 करोड़ रुपए खर्च किए गए। न्यू सांगानेर बी-2 बाईपास कॉरिडोर का संचालन वर्ष 2014-15 से शुरू किया गया।**
- **कॉरिडोर में बढते एक्सीडेट के बाद जनवरी 2020 में स्टेट रोड सेफ्टी कॉउसिल ने जयपुर विकास प्राधिकरण को बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का सुझाव दिया।**
- **प्राप्त जानकारी के मुताबिक बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर बनाने पर करीब 170 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जिसमें 50 फीसदी पैसा केन्द्र सरकार और 20 फीसदी पैसा राज्य सरकार ने लगाया था, वहीं 30 फीसदी पैसा जेडीए ने इस प्रोजेक्ट में खर्च किया था।**

कारोबारी के घर से 30 लाख रु. लेकर नौकर फरार हुआ

जयपुर। विद्याधर नगर थाना इलाके में मालिक की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर नौकर 30 लाख रुपए लेकर चंपत हो गया। आरोपी को दो महीने पहले ही काम पर रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 विद्याधर नगर निवासी बिजनेसमैन आनंद परसरामपुरिया (43) ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने परिवार के साथ यहां रहते हैं। करीब 2 महीने पहले जानकार के जरिए बिहार निवासी राजेश को घरेलू काम के लिए रखा था। घरेलू नौकर राजेश दिन में काम के बाद रात को घर में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बिजनेसमैन ने पिछले दिनों किसी पेमेंट के चलते 30 लाख रुपए का बैग घर लाकर अलमारी में रखा था। आरोप है कि घरेलू नौकर राजेश ने मौका पाकर अलमारी का लॉक खोलकर 30 लाख रुपए चोरी कर लिए। शनिवार दोपहर को बिजनेसमैन को अपनी मां के छत से गिरने की इमोशनल स्टोरी सुनाई। बिजनेसमैन आनंद ने मदद के लिए रुपए देकर ड्राइवर के साथ कार में उसे सिंधी कैंप बस स्टेंड भिजवा दिया। सोमवार को अलमारी खोलने पर 30 लाख रुपए गायब मिले। घरेलू नौकर राजेश के रुपए चोरी कर भागने के शक पर विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

वहीं जवाहर नगर में फर्जी बॉण्ड बेचकर एक युवक से सवा पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। राजापार्क आदर्श नगर निवासी सतीश मदान ने मामला दर्ज करवाया कि नीरज कुमार ने उसे एचडीएफसी बैंक से रेलीगरी नाम के फर्जी बॉण्ड बेचकर 5.25 लाख रुपए ले गए। जब पीड़ित ने इन बॉण्ड की जांच करवाई तो पता लगा कि इस नाम के कोई बॉण्ड ही नहीं है।

शातिर भू-माफिया व उसकी पत्नी धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

जयपुर। श्याम नगर थाना पुलिस ने एक शातिर भू-माफिया को उसकी पत्नी के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी हरीश शर्मा और उसकी पत्नी कविता शर्मा के खिलाफ जयपुर में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी ने पत्नी के नाम से कविता कॉलोनाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रखी हैं। कंपनी 2013 में स्ट्राइक ऑफ हो गई जिस के बाद भी दोनों आरोपी लोगों से पैसा लेकर भूखंडों के पट्टे जारी कर रहे थे।

दोनों ने जयपुर शहर मे हनुमंत विहार द्वितीय के नाम पर कई लोगों से ठगी की हैं। दोनों के खिलाफ जयपुर सिटी में दो दर्जन से अधिक शिकायत दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इन के खिलाफ जयपुर, अलवर, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश में 138 एनआई एक्ट के मामले में कोर्ट में विचाराधीन हैं। जिन में गिरफ्तारी वारंट जारी हो रखे हैं।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि 31 अगस्त 2023 को पीड़ित आदित्य कोल ने थाने में मामला दर्ज करवाया कि अप्रैल 2021 में आरोपी हरीश शर्मा की पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं होने पर उसे लाखों रुपए दिए। जिन को लौटाने के लिए जब हरीश को कहा गया तो हरीश ने पीड़ित आदित्य कोल को अपनी फर्म कविता कॉलोनाइजर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सृजित कॉलोनी हनुमंत विहार 02, मांग्यावास में प्लाट नम्बर 197 का पट्टा दे दिया।

जब पीड़ित कब्जा लेने मौके पर गया तो कॉलोनी में जेडीए के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 187 प्लॉट ही सृजित होना पाया गया। इस पर हरीश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़िता की शिकायत पर विशेष जांच के लिए एडिशनल डीसीपी साउथ ललित किशोर शर्मा,एसीपी सोडाला योगेश चौधरी, सीआई श्याम नगर दलवीर सिंह की टीम गठित की गई। टीम के सदस्यों ने आरोपी का निरंतर पीछा कर आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसमें विशेष भूमिका थाने के कांस्टेबल अजय पाल और पवन कुमार की रही। दोनों अथक प्रयास कर आरोपी हरीश और उसकी पत्नी कविता शर्मा को गिरफ्तार किया। दोनों पति-पत्नी के खिलाफ जयपुर में 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

श्याम नगर थाना पुलिस ने शातिर भू-माफिया हरीश शर्मा और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया।

1.90 किलो गांजे के साथ तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने गांजा बेचते एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस तलाशी में 1.90 किलो गांजा जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पिछले काफी समय से गांजा सप्लाई का काम करना बताया है। काफी संख्या में कस्टमर उसे ढूंढते हुए खुद गांजा खरीदने आते है।

डीसीपी (ईस्ट) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गांजा बेचते आरोपी प्रेम सिंह उर्फ हुकुम सिंह (47) निवासी नायको का टीबा ट्रांसपोर्ट नगर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर में रोडवेज बस डिपो के पास एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। पुलिस टीम ने सूचना पर घेराबंदी कर संदिग्ध को धर-दबोचा। तलाशी में उसके पास गांजा मिला। पुलिस ने गांजा सप्लायर प्रेम सिंह उर्फ हुकम सिंह को अरेस्ट किया। उसके पास मिले 1.90 किलो गांजा जब्त किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि वह गांजा पीने का आदी है। उसके साथ बस्ती में रहने वाले से गांजा खरीद कर बेचता है। छोटी-छोटी पूड़िया में गांजा बांधकर 100-200 रुपए में बेचता है।

जे.डी.ए. आयुक्त आनंदी ने ली कार्यकारी समिति की बैठक

जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंथन सभागार में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक में स्वर्ण विहार सांगानेर में सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर एसबीआर प्रौद्योगिकी पर आधारित 30 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ईपीसी और परफॉरमेंस रन के बाद आपरेशन एण्ड मेंटीनेंस कार्य के लिए न्यूनतम बोलीदाता (एल-1) को 3.70 करोड रू. निविदा की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार जेडीए, जयपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 30 एमएलडी एसटीपी नेवटा के पीआरएन (उत्तर) क्षेत्र के लिए मैनहोल के निर्माण के साथ 800 मिमी से 1200 मिमी व्यास के आकार की मुख्य ट्रंक सीवर लाइन बिछाने और जोड़ने के कार्य के लिए न्यूनतम बोलीदाता (एल-1) को 34 करोड रू. निविदा की मंजूरी दी गई। बैठक में जोन-14 में वाटिका रोड के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के लिए निविदा की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी प्रकार विद्याधर नगर स्थित किशन बाग परियोजना के रखरखाव और प्रबंधन के लिए भी विभिन्न शर्ते, स्कॉप ऑफ वर्क निविदा दस्तावेजों का अनुमोदन किया गया। जविप्रा कर्मचारी (भर्ती एवं पदोन्नित) में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के निर्धारित नियमों को सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

सार-समाचार

ध्यान-मंत्रा विज्ञान पर अनूठा सत्र शुरू

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में ध्यान, मंत्र साधना एवं स्वर योग पर ध्यान फाउंडेशन की ओर से 6 दिवसीय सत्र शुरू हुआ है, जो कि 12 जनवरी तक चलेगा। देश-विदेश से साधक ध्यान आश्रम के अश्विनी गुरु के सानिध्य में योग-ध्यान की क्रियाएं सीखने के लिए इस सत्र में शामिल हुए। सत्र के पहले दिन प्रतिभागियों को सूर्य सैयम, आसन और प्राणायाम की क्रियाएं कराई गई। अश्विनी गुरु ने वेदों के गूढ़ रहस्यों का अवलोकन किया और साधकों के प्रश्नों के जवाब दिया। सैशन में आनंद, मृत्यु के वास्तविक स्वरूप तथा किस प्रकार शरीर को संतुलन में लाते हुए आत्मिक उत्थान को साझा किया जाए, इन विषयों पर चर्चा हुई। ज्ञात रहे कि अश्विनी गुरु योग, ध्यान, यज्ञ , मंत्र, साधना, वैदिक मार्शल आर्ट्स, गदा विज्ञान में दक्ष हैं। उनके शिष्यों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुंबई के समक्ष क्लेरवॉयंस का जीवंत प्रमाण दिया है । सायंकालीन सैशन में डॉक्टर प्रसन्न प्रभाकर द्वारा प्रतिभागियों की शारीरिक और मानसिक हैल्थ के अंकन के लिए कुछ विशेष टेस्ट भी किए गए। आगामी दिनो में यज्ञ, आयामों की यात्रा, दिव्य चिकित्सा, स्वर योग आदि विषयों पर व्यावहारिक शिक्षा दी जायेगी। सत्र में भाग ले रहे वैज्ञानिक डॉ वी.एस.मिश्रा ने बताया कि मुझे कई बार गुरुजी द्वारा किए गए यज्ञ में शामिल होने का मौका मिला है। मैंने उनके मंत्र उच्चारण से स्वयं वातावरण परिवर्तित होते देखा है । एक बार हम ऑस्ट्रेलिया में थे । आकाश में घने बादल थे और बारिश की प्रेडिक्शन थी । गुरु जी ने सूर्य साधना आरम्भ की और देखते-देखते बादल छट गए और सूर्य देव ने दर्शन दिए। दिव्य चिकित्सा मंत्र शरीर की कोशिकाओं को प्रकृति से संरेखित कर उसे आरोग्य की ओर ले जाते हैं। आज के सत्र में चक्रों के बीज मंत्र तथा तत्व शुद्धि की क्रिया का भी अवलोकन हुआ ।

भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव में शरीक हुई राजस्थान सहकारिता टीम

नई दिल्ली/जयपुर । नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 का आयोजन 9 जनवरी तक चलेगा। गत 4 जनवरी को शुरू हुए सम्मेलन में राजस्थान से सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा सहित सीसीबी एमडी और कर्मचारियों ने सहकारी भागीदी निभाई है। इस आयोजन को ग्रामीण विकास में तेजी लाने और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सम्मेलन, सरकारी सहकारी अधिकारियों, विचारकों, ग्रामीण उद्यिमयों और विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक साथ लाएगा ताकि वे स्थायी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों पर सहयोग कर सकें। "विकसित भारत 2047" के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण" के केंद्रीय विषय के साथ, यह सम्मेलन ग्रामीण विकास के प्रमुख स्तंभों का पता लगाने और उन्हें लागू करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा । भारत मंडपम में आयोजित ग्रामीण भारत महोत्सव सम्मेलन में राजस्थान से सहकारी प्रतिनिधित्व के रूप में सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने सम्मेलन में भागीदारी की । राजस्थान से अपेक्स बैंक महाप्रबंधक पी.के.नाग, उप महाप्रबंधक विजय श्रीवास्तव, सीसीबी से बी.एस.गिल, हेमन्त सामरिया, दिनेश शर्मा, प्रेम सुख, दीपक बेरवाल, पूनाराम चोयल, अनिमेष पुरोहित, नानालाल चावला, राजकुमार, बरकरत अली, देवीदास बैरवा, सुरेंद्र शर्मा, विकास जैन, भँवर लाल, सतवीर सिंह सहित विभिन्न ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक से प्रबंध निदेशक व अधिकारियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 सिर्फ़ एक आयोजन नहीं है- यह एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में बदलाव लाना और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देना है। यह सरकार, उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नेताओं के लिए एक मंच तैयार करेगा, जहाँ वे एक साथ आएँगे, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगे और साझेदारी बनाएंगे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कलाकारों का अभिनंदन किया

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज के पारसनाथ जैन मंदिर में पहुंचकर श्री शांतिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में भगवान के दर्शन कर सभी के मंगल की कामना की।

राज्यपाल का बाद में जैन समाज द्वारा भाव-भरा अभिनंदन और सम्मान किया गया। राज्यपाल ने सभी का आभार जताया और जैन समुदाय द्वारा समाज सेवा के लिए किए कार्यों की सराहना की। राज्यपाल बागडे ने छत्रपति संभाजी नगर में गोविंद भाई श्रॉफ संगीत महोत्सव में भी भाग लिया। श्री सरस्वती भुवन शिक्षण संस्था द्वारा आयोजित इस समारोह में उन्होंने कलाकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय संगीत अंतर के अन्वेषण से जुड़ा है। हमारे यहां संगीत ईश्वर के निकट पहुंचने का सर्वोच्च साधन बताया गया है।

टक्कर मारने के बाद युवक को कार के बोनट पर चार किमी. लेकर घूमने वाला गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। ज्योति नगर थाना पुलिस ने युवक को टक्कर मारने के बाद युवक को कार के बोनट पर 4 किमी तक लेकर घूमने वाले चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार इनकम टैक्स में लगी गाड़ी के ड्राइवर ने अंबेडकर सर्किल पर पहले एक गाड़ी को टक्कर मारी और फिर भागने लगा। इस दौरान दूसरी गाड़ी पर सवार युवक ने पीछा करके रोकने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी रोकने की बजाय युवक को बोनट पर लटका कर 4 किलोमीटर तक तेज रफ्तार में गाड़ी को दौड़ाता रहा। गाड़ी अंबेडकर सर्किल से रामबाग सर्किल और फिर विधानसभा तक दौड़ाई, गाड़ी के बोनट पर लटका युवक अपनी जान बचाने के लिए चीखता-चिल्लाता रहा। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार करके गाड़ी जब्त कर ली है।

पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी की गाड़ी का पीछा किया। ड्राइवर ने बोनट पर लटके भूप सिंह को कमिश्नरेट के गेस्ट हाउस के पीछे पटक दिया था, उसके हाथ में फ्रैक्चर आया है। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने ड्राइवर किशनलाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गाड़ी इनकम टैक्स अधिकारी को लगी हुई थी। गाड़ी चला रहे ड्राइवर ने इनकम टैक्स अधिकारी के नाम से धमकाने का भी प्रयास किया। कार ड्राईवर शराब के नशे में बताया जा रहा है। वहीं बोनट पर लटके युवक ने चलती गाड़ी से ही वीडियो भी बनाया। परिवादी सुरेश कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि अंबेडकर सर्किल से रामबाग सर्किल की तरफ जा रहा था। वहां पर गाड़ी ने टक्कर मार दी। कार रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने वारदात कर डाली।

बदमाशों ने युवक से मोबाइल छीना

जयपुर । रामनगरिया इलाके में कार सवार चार बदमाश एक युवक से मारपीट कर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार जगतपुरा निवासी हर्ष नोलखा ने मामला दर्ज करवाया कि वह ज्ञान विहार के पास घर का जरूरी सामान लेने गया था इसी दौरान कार में सवार होकर चार बदमाश आए और उसके साथ मारपीट की। मारपीट कर बदमाश उससे मोबाइल छीनकर ले गए। घटना 4 जनवरी की रात करीब 10 बजे की है।

वहीं मानसरोवर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीडित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। पुलिस के अनुसार संतोष नगर श्यामनगर निवासी अनिल गटियाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से मानसरोवर गया था वहां पर पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया। यह घटना 5 जनवरी की शाम करीब साढ़े आठ बजे की है। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

डमी भूखंड स्वामी बनकर पॉश कॉलोनियों में प्लॉट बेचने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डमी भूखंड स्वामी बनकर पॉश कॉलोनियों में प्लॉट बेचने वाली गैंग के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि डमी भूखंड स्वामियों से भूखंड बिकवाने वाले भूखंड माफिया के खिलाफ जयपुर शहर व जयपुर ग्रामीण में विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डमी भूखंड स्वामी बनकर पॉश कॉलोनियों में प्लाट बेचने वाली गैंग के शातिर बदमाश 35 वर्षीय अमित कुमार श्रीवास्तव निवासी झोटवाड़ा हाल करधनी जयपुर,37 वर्षीय मालुराम मेहरा निवासी सोडाला जयपुर और 44 वर्षीय पंकज चौधरी निवासी सोडाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार भू-माफिया जयपुर शहर व आस-पास के इलाकों में खाली भूखण्डों को देखकर चिन्हित करते है और असली भूखण्ड स्वामी से भूखण्ड क्रय करने के सम्बन्ध में नुमाइश सौदेबाजी कर भूखंड के आवंटन पत्रादि की फोटो प्रति प्राप्त कर लेते है और उसके बाद फोटोकॉपी दस्तावेज व पीडित क्रेताओ को भूखण्ड की लोकेशन दिखाकर कीमत भूखण्ड को औने-पौने दामों में बेचान का सौदा कर क्रेता पर विश्वास जमाने के लिए डमी भूखण्ड स्वामी लाकर विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करवाकर धनराशि हडप कर जाते है। गौरतलब है कि पीड़ित प्रेम सिंह ने सोडाला थाने में मामला दर्ज करवाया था कि भू-माफिया अमित श्रीवास्तव व मालुराम मेहरा एवं पंकज चौधरी ने राजधानी प्रॉपर्टी वाले अशोक जैन की पत्नी किरण जैन के तौर पर फर्जी भूखण्ड स्वामिनी महिला पेश कर उससे भूखण्ड संख्या 96 योजना पार्श्वनाथ कॉलोनी अजमेर रोड श्याम नगर जयपुर को बेचान का इकरारनामा उसके हक में करवाकर 21 लाख रुपये हडप लिये। जबकि वास्तविक किरण जैन ने भूखण्ड बेचा ही नहीं। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

सोडाला पुलिस ने जमीनों की धोखाधड़ी करने वाले बदमाश पकड़े।

'सभी वार्ड और बाजारों में 2 बार सफाई की जाएं'

जयपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण जल्द शुरू होने वाला है। ऐसे में मंगलवार को हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी शाखा और विभागों के प्रगतिरत कार्यों के बारे में विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान मंगलवार को हवामहल जोन के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक, इंजीनियर विंग से ओपन कचरा डिपो खत्म करने, वार्डो में सफाई व्यवस्था, रोड पेच वर्क आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वार्डो में चिन्हित कालोनियों में दो बार सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, साथ ही ओपन कचरा डिपो को पूरी तरह से खत्म करने के निर्देश दिए। आयुक्त अरुण हसीजा ने हवामहल जोन में आने वाले पर्यटक स्थलों के पास बने वेडिंग जोन में लगे कियोस्क को भी सुनिश्चित तरीके से लगवाने के निर्देश दिए।